an>

Title: Need to develop Chandigarh Airport into an international airport.

श्री भगवंत मान (संगरूर): मैडम स्पीकर, पंजाब के लोग पूरी दुनिया में बसते हैं, जैसे अमेरिका, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया में। हमारे चंडीगढ़ का जो इंटरनेशनल एयरपोर्ट है, उसका जो निर्माण है, उसको ऑपरेट करने का मामला बहुत दिनों से लटक रहा है। इससे चार स्टेट्स - जम्मू व कश्मीर, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और पंजाब- प्रभावित हो रहे हैं। जब लोगों को बाहर ट्रैवल करना होता है, तो उन्हें और उनके रिश्तेदारों को दिल्ली आना पड़ता है, जिससे पैसा और समय बर्बाद होता है।

मैं आपके माध्यम से सिविल एविएशन मिनिस्ट्री से आग्रह करना चाहता हूं कि चंडीगढ़ इंटरनेशनल एयरपोर्ट को जल्दी से जल्दी चलाया जाए। जैसे एयर कनाडा अभी दिल्ली के लिए शुरू हो रही है तो सिविल एविएशन मिनिस्ट्री को चाहिए कि उसे सीधे चंडीगढ़ के लिए शुरू करें ताकि इसका लोगों को बेनेफिट मिल सके। पंजाब में इंटरनेशनल एयरपोर्ट होने से चंडीगढ़ को भी फायदा होगा और हमारे लोगों का पैसा और समय बचेगा।